प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 25.11.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर फहराया भगवा ध्वज, कहा–सत्यमेव जयते का प्रतीक है यह ध्वज।
2. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने जनजातीय छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पर दिया जोर, एकलव्य स्कूलों के आधुनिकीकरण की सराहना की।
3. झारखंड में ई–साक्ष्य नियम 2025 लागू, आपराधिक मामलों की जांच में अब डिजिटल सबूत भी होंगे मान्य, गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी किया आदेश।
4. गुरु तेगबहादुर के शहादत दिवस पर रांची के गुरूद्वारों में सजा विशेष शहीदी दीवान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी श्रद्धांजलि।
5. रांची में तीस नवंबर को होने वाले वनडे मैच को लेकर स्डेडियम में हो रही टिकटों की बिक्री, सुबह नौ से शाम तीन बजे तक खुले रहेंगे काउंटर।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज फहराया। यह ध्वजारोहण मंदिर निर्माण के पूर्ण होने और सांस्कृतिक उत्सव तथा राष्ट्रीय एकता के एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि यह धर्म ध्वज सत्यमेव जयते का प्रतीक है।

****

जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। श्री राधाकृष्णन ने जनजातीय छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पिछले ग्यारह वर्षों में मंत्रालय के बजट आवंटन में तीन गुना वृद्धि की सराहना की। श्रीओराम ने उपराष्ट्रपति को देशभर में एकलव्य स्कूलों के आधुनिकीकरण और विस्तार की योजना तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम–जनमन और आदि कर्मयोगी अभियानों के बारे में विस्तार से बताया।

****

एयर इंडिया एयरक्राफ्ट इंजीनियर्स एसोसिएशन ने देश में चार श्रम संहिताएं लागू किए जाने का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया है। एसोसिएशन के महासचिव एस.एन. भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई श्रम संहिताओं के तहत गिग वर्कर्स, प्लेटफ़ॉर्म वर्कर्स और असंगठित क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को समानता प्रदान की है।

नेशनल फ्रंट ऑफ़ ट्रेड यूनियन के राष्ट्रीय सचिव राकेश मणि ने कहा कि नई श्रम संहिताएँ भविष्य में श्रमिकों के लिए काफी लाभकारी होंगी।

****

झारखंड सरकार के गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने ई–साक्ष्य मैनेजमेंट रूल्स 2025 को लागू कर दिया है। इसके लागू हो जाने से अब डिजिटल सबूत भी मान्य होंगे। इसके अनुसार घटनास्थल का वीडियो और फोटो रिकॉर्डिंग करना अनिवार्य होगा। बता दें कि ई–साक्ष्य एक डिजिटल साक्ष्य है जिसे मोबाइल एप से रिकॉर्ड किया जाता है। इसमें घटनास्थल का वीडियो, तस्वीरें, गवाहों की फोटो आदि शामिल होती हैं।

****

भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव–इफ्फी में फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, प्रोड्यूसर्स और फेस्टिवल क्यूरेटर्स ने मशहूर अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी, जिनका कल निधन हो गया। इफ्फी की आयोजक एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा ने अभिनेता धर्मेंद्र के सम्मान में कल सभी ऑन–स्टेज कार्यक्रम रद्द कर दिए लेकिन फिल्मों का प्रदर्शन तय समय के अनुसार जारी रहा।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 16 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 65 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

गुरू तेगबहादुर के शहादत दिवस पर आज रांची के मेन रोड और रातू रोड कृष्णानगर गुरुद्वारा में विशेष शहीदी दीवान सजाया गया है। इसे लेकर लंगर का भी आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु तेग बहादुर जी को उनके 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने नौवें सिख गुरु को उनके अद्वितीय साहस और बलिदान के लिए नमन किया।

****

खूंटी जिले का कोचा गांव सोलर पावर सिस्टम से आच्छादित गांव बन गया है।

****

राजधानी रांची के जेएससीए स्टेडियम में 30 नवंबर को होनेवाले वनडे मैच को लेकर आज सुबह से काउंटर से टिकटों की बिक्री हो रही है। इस मैच को लेकर दर्शकों में उत्साह है। एक व्यक्ति को अधिकतम दो टिकट दिये जा रहे हैं। टिकटों की बिक्री सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक चल रही है।

इधर आपदा प्रबंधन विभाग के अनुरोध पर किसी भी अराजकता या भगदड़ की स्थिति में स्टेडियम से भीड़ के आपातकालीन निकासी की योजना जेएससीए की ओर से तैयार कर ली गई है।

****

राष्ट्रीय स्कूली खेल कूद प्रतियोगिता–एसजीएफआई के तहत राजधानी रांची में पांच राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके तहत आज तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 25 दिसंबर को फुटबॉल, और शतरंज प्रतियोगिता, जबकि 26 जनवरी को हॉकी और साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

****